गंगा को निर्मल बनाने के लिए बलिया और बिजनौर से शुरू हुई गंगा यात्रा का सीएम ने किया समापन

गंगा को न गंदा करेंगे न करने देंगे:योगी

गंगा यात्रा
27-31 जनवरी, 2020
बिजनौर से कानपुर | बलिया से कानपुर

कानपुर में शुक्रवार को गंगा की आरती करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री,भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्रद देव सिंह, डॉ. महेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

कानपुर | मुख्य संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि न तो गंगा को गंदा करेंगे और न ही किसी को करने देंगे। शुक्रवार को कानपुर में गंगा यात्रा के समापन समारोह में उन्होंने उपस्थित जनसमूह को यह संकल्प भी दिलाया। कहा कि गंगा की निर्मलता, अविरलता के लिए सरकार के साथ-साथ समाज का सहयोग भी जरूरी है।

बैराज स्थित लवकुश पार्क में आयोजित सभा में योगी ने कहा कि 14 दिसंबर 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नमामि गंगे काउंसिल की पहली बैठक में नदी संस्कृति को बचाने का संदेश दिया था। पीएम ने गंगा को अर्थव्यवस्था से जोड़ने का संकल्प दिलाया था। हम उसी को आगे बढ़ा रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गंगा यात्रा के समापन पर कहा, प्रधानमंत्री की सोच थी कि गंगा से हमारा समन्वय पुरुषार्थ चतुष्टय धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष के साथ होना चाहिए। ऐसे में जनप्रतिनिधि किसानों, नौजवानों और गंगा भक्तों को जोड़कर अभियान चलाएं। इसी बचनबद्धता को दोहराने के लिए ही आज हम उपस्थित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, पांच दिन में हम लोगों ने 1338 किलोमीटर की यात्रा जल और सड़क मार्ग से पूरी की। इस दौरान 1038 गांवों और 21 नगर निकायों में रचनात्मक गतिविधियां चलीं। गंगा किनारे वाले गांवों के किसानों-ग्रामीणों को गो-आधारित खेती का संकल्प दिलाया। जगह-जगह आरती हुई। हम सबको गंगा से जुड़ाव बढ़ाने के साथ यात्रा के संकल्प को जीवन का हिस्सा बनाना होगा।

सैफई महोत्सव नहीं यह गंगा यात्रा है:केशव

कानपुर। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली सरकार न होती तो गंगा में ऐसा प्रवाह और अविरलता देखने को नहीं मिलती। सरकार ने कानपुर में गंगा को गंदा नहीं होने देने का संकल्प लिया है। सरकार व समाज मिलकर गंगा को अविरल-निर्मल बनाएंगे।सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गंगा यात्रा का मजाक उड़ाया। हम उन्हें बता देना चाहते हैं कि यह सैफई महोत्सव नहीं, गंगा यात्रा है।

स्वतंत्र देव ने विपक्ष पर साधा निशाना

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने सपा, बसपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि तीनों दल परिवारवाद, वंशवाद को बढ़ावा देते हैं। भाजपा की गंगा यात्रा गंगा तट पर रहने वालों के चतुर्मुखी विकास की धारा है। गंगा के निर्मल होने से आस्था के साथ अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। सीएए की सच्चाई से हर कोई वाकिफ हो रहा है।

बकाया बिल किस्तों में चुकाएं:श्रीकांत

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर ऊर्जा विभाग ने किसानों की सुविधा के लिए ट्यूबवेल के बकाया बिलों का भुगतान आसान किस्तों में ब्याजमाफी के साथ करने के लिए 'किसान आसान किस्त योजना' शुरू की है। प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने किसान आसान किस्त योजना के बारे में बताया कि योजना का लाभ लेने वाले किसानों का 31 जनवरी 2020 तक का ब्याज माफ रहेगा। उन्हें 6 आसान किस्तों में बिल का भुगतान करना होगा। उन्होंने बताया कि योजना के तहत एक फरवरी से 29 फरवरी के बीच ट्यूबवेल उपभोक्ता बकाये का पांच फीसदी या न्यूनतम 1500 रुपये के साथ वर्तमान बिल भी जमा करना होगा।

संक्षेप

ईंट भट्ठा नियम विपरीत संचालन पर नोटिस

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पर्यावरण नियमों का उल्लंघन कर ईंट भट्ठा संचालित करने के मामले में राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकारी को अवमानना का नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने उनसे स्पष्टीकरण मांगा है कि क्यों न आदेश का उल्लंघन करने पर उनके खिलाफ अवमानना कार्रवाई की जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति एमसी त्रिपाठी ने वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप त्रिवेदी एवं अधिवक्ता विभू राय व अभिनव गौर को सुनकर दिया है।

मऊ में तेल फैक्ट्री में भीषण आग

मऊ। शहर कोतवाली क्षेत्र के अति व्यस्त मुहल्ला हट्टी मदारी के रौजा बाजार स्थित एक तेल फैक्ट्री में शुक्रवार की अपरान्ह आग लग गई। देखते ही देखते आग काफी विकराल रूप धारण कर लिया। डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह से आग पर काबू पाया गया।

स्वामी वासुदेवानंद के शिविर में आग

प्रयागराज। माघ मेला के सेक्टर चार में शुक्रवार दोपहर स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती के शिविर में अचानक आग लग गई। इस घटना से वहां अफरातफरी मच गई। आग में टेंट के साथ वहां रखे सामान जल गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे अग्निशमन कर्मचारियों ने जल्द ही आग पर काबू पा लिया।

जनवरी से कर्मचारियों के डीए में 4% वृद्धि तय

प्रयागराज। सरकारी कर्मचारी के महंगाई भत्ता (डीए) में पहली जनवरी 2020 से चार प्रतिशत बढ़ोत्तरी निश्चित हो गयी है। इससे केंद्रीय और राज्यकर्मियों का डीए 17 फीसदी से बढ़कर 21 फीसदी हो जाएगा। पेंशनरों की महंगाई राहत भी बढ़कर 21 प्रतिशत हो जाएगी।

25 बिल्डरों के पंजीकरण खारिज किया

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा के एक बिल्डर सहित लखनऊ, गोरखपुर और आगरा के 25 बिल्डर का पंजीकरण रद्द कर दिया। ग्रेटर नोएडा में जिस बिल्डर का प्रोजेक्ट रद्द किया गया है, वह वैष्णो एंक्लेव परियोजना के नाम से थी।

एनआरएचएम घोटाला: पूर्व सीएमओ ने किया सरेंडर

गाजियाबाद। बलरामपुर के स्वास्थ्य विभाग में हुए एनआरएचएम घोटाले के मामले में आरोपी तत्कालीन सीएमओ डॉक्टर त्रिलोचन सिंह ने शुक्रवार को विशेष अदालत में सरेंडर कर दिया। उच्च न्यायालय के आदेशानुसार दोपहर बाद जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। अदालत ने सशर्त जमानत अर्जी देने के आदेश दिए। अदालत के मुताबिक बसपा शासन में वर्ष 2008 से 2010 तक की अवधि में दवा खरीदारी में यह घोटाला उजागर हुआ था।

बरेली में दुर्लभ बीमारी का मरीज मिला

बरेली। कोरोना वायरस से बचाव के प्रयासों में जुटे स्वास्थ्य विभाग के लिए एक और चिंताजनक खबर है। दुर्लभ और खतरनाक बीमारी जीबी सिंड्रोम ने जिले में दस्तक दे दी है। बीमारी की पुष्टि होने के बाद गुरुवार को एक मरीज को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच के बाद मरीज को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों की मानें तो यह दुर्लभ बीमारी लाखों में से किसी एक व्यक्ति को ही होती है।

बदमाश की पत्नी को भीड़ ने मार डाला

ऑपरेशन मासूम

मोहम्मदाबाद (फर्रुखाबाद) | हिटी

शुक्रवार को करथिया गांव में घटना के बाद मौके पर जुटे ग्रामीण • हिन्दुस्तान

करथिया गांव में गुरुवार शाम से रात तक करीब 11 घंटे चले ऑपरेशन मासूम के दौरान जहां पुलिस ने बदमाश सुभाष बाथम को ढेर कर दिया वहीं, उसकी पत्नी रूबी को गुस्साई भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला।

पुलिस ने गांव वालों के जरिए बदमाश को ललकारा और पीछे से उसे मार गिराया। इसके बाद घर के तहखाने में कैद 25 बच्चों को सकुशल बाहर निकाल लिया। शुक्रवार सुबह लोहिया अस्पताल में रूबी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। करथिया गांव में गुरुवार की दोपहर दो बजे के बाद बदमाश ने अपनी बेटी के जन्मदिन के बहाने गांव के 25 बच्चों को बुलाकर बंधक बना लिया था। पड़ोसी आदेश की पत्नी बबली जब अपनी पुत्री खुशी और बेटे आदित्य को बुलाने के लिए उसके घर गई तो बंधक बनाए जाने की जानकारी हुई। इस पर शाम चार बजे से पुलिस हरकत में आई। रात 12.10 बजे के बाद मौके पर पहुंचे आईजी रेंज कानपुर, मोहित अग्रवाल ने आपरेशन मासूम की कमान संभाल ली।

ऐसे दिया गया ऑपरेशन को अंजामः मौके पर पहुंचते ही आईजी सबसे पहले छत पर पहुंचे। वहां से पूरे घर का जायजा लिया। तभी उन्हें घर के पीछे वाले हिस्से में एक दरवाजा दिखा। इसी बीच बदमाश चिल्लाया कि अब वह सभी बच्चों को मार डालेगा। इसके साथ ही उसने दो फायर भी कर दिए। इस बीच, आईजी ने पुलिस की दो टीमों और लोगों को मुख्य दरवाजे पर शोर मचाने के लिए लगा दिया। उसका ध्यान बंटते ही मोहित अग्रवाल ने स्वाट टीम व चार दरोगाओं के साथ पीछे वाला दरवाजा तोड़ दिया। दरवाजा टूटते ही सुभाष और उसकी पत्नी रूबी बाहर भागे। तभी भीड़ ने पथराव कर दिया। यह देख सुभाष घर के अंदर भागा। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में वह ढेर हो गया। दूसरी ओर भीड़ ने रूबी को लहूलुहान कर दिया। पुलिस उसे अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी मौत हो गई।

योगी ने संभाली कमान तो बनी बात

लखनऊ। ...मैं कुछ नहीं जानता, बच्चे हर हाल में सुरक्षित बचने चाहिए। उन्हें एक भी खरोंच नहीं आनी चाहिए। योगी ने सख्त तेवर दिखाते हुए अधिकारियों से दो टूक यह बात कही। तब तक रात के 11 बज चुके थे। मुख्यमंत्री अपने अधिकारियों की कोर टीम के साथ पल-पल की खबर लेने के लिए मोर्चा संभाल चुके थे।सीएम के सख्त तेवर से फर्रुखाबाद से लेकर लखनऊ तक और आगरा से कानपुर तक का प्रशासनिक अमला चौकन्ना हो गया। फर्रुखाबाद में बच्चे सुरक्षित बचा लिए गए।

बदमाश बच्चों को देता था मार डालने की धमकी

मोहम्मदाबाद (फर्रुखाबाद)| हिटी

तहखाने में बंधक बनाए गए बच्चों को बदमाश सुभाष बार-बार गोली मारने की धमकी देकर चुप करा देता था। उस मंजर को याद कर बदमाश के चंगुल से छूटे बच्चे अब सिहर उठते हैं। छुड़ाए गए बच्चों ने शुक्रवार को आपबीती बताई। परिजनों के पास पहुंचे बच्चे डरे सहमे दिखे। बताया, बदमाश ने 25 बच्चों के बीच चार रोटियां खाने को फेंकी थी। करथिया के आनंद की पुत्री आर्वी ने बताया कि सुभाष गुरुवार दोपहर ढाई बजे बुलाकर ले गया था। कहा था, घर में केक काटना है। पैसे लुटाएंगे और चॉकलेट के साथ टॉफी देंगे। आर्वी की मां सोनी बोली, उस समय पति घर पर नहीं थे, उन्होंने सुभाष के साथ बेटी को भेज दिया।

अंजलि ने बंधाई हिम्मत

कक्षा 9 की छात्रा अंजलि भी बच्चों के साथ थी। उसने बताया कि सभी बच्चे तहखाने में बंद थे। रात में एक बच्ची शबनम रोने लगी तो उसने आवाज लगाई। इस पर सुभाष नीचे आ गया और शबनम को लेकर बाहर चला गया। उसने बताया कि 25 बच्चों के बीच सुभाष की पत्नी ने चार रोटी और मटर की सब्जी दे दी। कहा, चुपचाप खा लो, शोर मचाया तो सब मारे जाओगे। किसी ने खाना भी नहीं खाया। जो बिस्किट और टॉफी नीचे फेंकी गई थी, उसे कुछ बच्चों ने खा लिया। प्रशांत, वर्षा और कृष्णा बोले, उनकी रोते रोते तबीयत भी बिगड़ने लगी। कृष्णा अपने मामा मुकेश के पास रहता है।

पणजी, चेन्नई से बड़ा है लखनऊ का आयोजन

defexpo
INDIA
2020
डिफेंस एक्सपो
5 फरवरी से

लखनऊ| विशेष संवाददाता

लखनऊ का डिफेंस एक्सपो पणजी व चेन्नई में हुए इस तरह के आयोजन से कई गुना बड़ा है। इस बार से सबसे ज्यादा हथियार निर्माता कंपनियां शिरकत कर रही हैं।

देशों की भागीदारी के लिहाज से इस बार का आयोजन बड़ा है। साथ ही कंपनियों से होने वाले एमओयू की तादाद भी इस बार ज्यादा होने की उम्मीद है। असल में डिफेंस एक्सपो दिल्ली में ही आयोजित होता था। हर दो साल में होने वाला यह आयोजन दिल्ली में आठ बार हुआ। इसके बाद पहली बार यह आयोजन दिल्ली से बाहर समुद्र तटीय इलाके वाले राज्य गोवा की राजधानी पणजी पहुंचा। 2016 में गोवा डिफेंस एक्सपो के नवें संस्करण का उद्घाटन तत्कालीन रक्षा मंत्री स्व. मनोहर पर्रिकर ने किया। इसके दो साल बाद डिफेंस एक्सपो का आयोजन चेन्नई में 2018 में हुआ।

प्रदेश में फिर शुरू होगा रॉक फास्फेट का खनन

लखनऊ। खाद, दवाएं, सौंदर्य प्रसाधन, जंगरोधी लेप और माचिस बनाने में उपयोगी रॉक फास्फेट का खनन बहुत जल्द शुरू करने की तैयारी है। ललितपुर जिले की ग्राम टोरी और पिसनारी में रॉक फास्फेट के खनन के लिए भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग ने वन विभाग से अनुमति मांगी है। जिसकी प्रक्रिया काफी आगे बढ़ चुकी है। 50 सालों तक यहां रॉक फास्फेट के खनन की योजना है।

छात्रा के सिर पर क्लास में लगाया तमंचा

सांडी (हरदोई)। बोर्ड परीक्षा का प्रवेश पत्र लेने कॉलेज पहुंची एक छात्रा के सिर पर क्लास के अंदर छात्र ने तमंचा लगा दिया। जान से मारने की धमकी देकर वह भाग गया। इससे क्लास में भगदड़ मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित को पकड़ लिया है। सांडी कस्बा के मोहल्ला खिड़कियां निवासी नाबालिग कस्बे के ही एक कॉलेज में कक्षा 10 की छात्रा है।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियंता/सी द्वारा ई-टेन्डर जिनके बंद होने की तिथि 25.02.2020 है। निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

टेन्डर संख्या दिनांक	212-DRM-MB-19-20 Date : 30.01.2020
कार्य का नाम	सहायक मण्डल अभियंता बरेली के आधीन प्लेटफार्म नं. 4 पर (मुरादाबाद साइड एफ.ओ.बी.) 2 नं. स्वाचालित यात्री सीढीयों के प्रावधान के लिए सिविल इंजीनियरिंग से संबंधित कार्य।
टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय	25.02.2020 (16:00)
अनुमानित लागत	32,81,700.97
धरोहर राशि	65,600.00
टेन्डर फार्म की लागत	3000.00
बिडिंग स्टार्ट तिथि	11.02.2020
आफर की वैधता	45 दिन
कार्य पूर्ण करने की अवधि	02 माह

No. 75-W/2/3/WA/Publication Dated : 30.01.2020 341/2020

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, वि.क्षे. अमरोहा, जनपद अमरोहा

पत्रांक-निष्ठा/487-92/2019-20 दिनांक-31.01.2020

प्रेस विज्ञप्ति

राज्य परियोजना निदेशक, राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा अभियान, लखनऊ के पत्रांक 3992/2019-20 दिनांक 25 नवम्बर 2019 व पत्रांक गु०वि०/निष्ठा/5670/2019-20 दिनांक 18 दिसम्बर 2019 में दिये गये निर्देशानुसार विकास खण्ड अमरोहा पर एकीकृत सेवारत प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन हेतु ई-निविदा में उल्लिखित मैन्यु के अनुसार भोजन की व्यवस्था किये जाने हेतु इच्छुक ई-निविदादाताओं से दिनांक 07.02.2020 की प्रातः 11:00 बजे तक ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। जो दिनांक 07.02.2020 को गठित समिति के सम्मुख प्रातः 11:30 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जायेंगी। धनराशि रु० 500 ई-निविदा शुल्क तथा धनराशि रु० 17900/- अर्नेस्ट मनी के रूप में ब्लॉक समन्वयक, ब्लॉक संसाधन केन्द्र अमरोहा के प्रथम बैंक अमरोहा में संचालित खाता सं० 86080111631627 आई०एफ०एस०सी० कोड PUNB0SUPGB5 में आर०टी०जी०एस०/एन०ई०एफ०टी० के माध्यम से जमा कर ई-निविदा में प्रतिभाग किया जा सकता है। अन्य नियम व शर्तें वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर अपलोड हैं जिनका पालन करना अनिवार्य है।

खण्ड शिक्षा अधिकारी
वि०क्षे० अमरोहा।

कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, वि.क्षे. धनौरा, जनपद अमरोहा

पत्रांक-निष्ठा/469-74/2019-20 दिनांक-31.01.2020

प्रेस विज्ञप्ति

राज्य परियोजना निदेशक, राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा अभियान, लखनऊ के पत्रांक 3992/2019-20 दिनांक 25 नवम्बर 2019 व पत्रांक गु०वि०/निष्ठा/5670/2019-20 दिनांक 18 दिसम्बर 2019 में दिये गये निर्देशानुसार विकास खण्ड धनौरा पर एकीकृत सेवारत प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन हेतु ई-निविदा में उल्लिखित मैन्यु के अनुसार भोजन की व्यवस्था किये जाने हेतु इच्छुक ई-निविदादाताओं से दिनांक 07.02.2020 की अपरान्ह12:00 बजे तक ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। जो दिनांक 07.02.2020 को गठित समिति के सम्मुख अपरान्ह 01:00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जायेंगी। धनराशि रु० 500 ई-निविदा शुल्क तथा धनराशि रु० 14660/- अर्नेस्ट मनी के रूप में ब्लॉक समन्वयक, ब्लॉक संसाधन केन्द्र धनौरा के सिंडिकेट बैंक धनौरा में संचालित खाता सं० 85842200072655 आई०एफ०एस०सी० कोड SYNB0008584 में आर०टी०जी०एस०/ एन०ई०एफ०टी० के माध्यम से जमा कर ई-निविदा में प्रतिभाग किया जा सकता है। अन्य नियम व शर्तें वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर अपलोड हैं जिनका पालन करना अनिवार्य है।

खण्ड शिक्षा अधिकारी
वि०क्षे० धनौरा।

Prayagraj Smart City Limited (PSCL) UttarPradesh
1st Floor, Galaxy Building, Near Civil Lines
Bus Stand, Prayagraj-211001 Uttar Pradesh

PRAYAGRAJ SMART CITY

NOTICE INVITING TENDER

1	Name of the Work	"Design, Engineering, Construction of Multi-Level Car Parking, Commercial Space Building (at plot GG-I, Civil Lines, S.P. Road, Prayagraj City (U.P.) under Prayagraj Smart City Mission on Engineering, Procurement & Construction (EPC) basis"
2	Mode of Bid Submission	e-tendering https://etender.up.nic.in
3	Type of Tender	National Competitive Bidding (NCB) System
4	Type of Contract	Engineering, Procurement & Construction (EPC) Contract
5	Estimated Cost (Rs.)	Rs. 82.81 Crores (Rupees Eighty Two Crore Eighty One Lakh only) excluding GST amount.
6	Period of Completion	24 Months from the date of Award of Contract Work.
7	Online Tender Fee	e-tendering https://etender.up.nic.in
8	EMD/Bid Security	Rs. 1.66 Crores (Rupees One Crore Sixty Six Lakhs only) (Refundable)
9	Tender Document Fee	Rs. 5,000/- plus applicable GST @ 18% (nonrefundable)
10	Date/Time of Publication of Tender on e-Procurement website	03/02/2020
11	Date of Pre-bid meeting & Venue	10/02/2020 @ 2.30 P.M. at PSCL Office, 1st floor, P Square mall, Civil lnes bus stand, Prayagraj
12	Last Date/Time of for Bid Submission	02/03/2020 @ 2.00 P.M
13	Last Date/Time of Submission of Tender Fee & EMD (Hard Copy)	02/03/2020 @ 2.30 P.M
14	Date of Technical Bid Opening	02/03/2020 @ 3.00 P.M
15	Documents Submission Address	Prayagraj Smart City Limited, 1st floor, P Square Mall, near civil lines bus stand, Prayagraj (U.P.)-211001
16	Contact Details for the quries (if any)	Shri Sanjeev Kumar Sinha, Mission Manager (Techinical), PSCL. (email ID: missionmanager.ascl@gmail.com) Contact: No. 9415191331, 9565555552

Note: Only e-tenders shall be accepted. Further details are available on U.P. Government e-Procurement website and select Prayaraj Smart City and can be seen on the website: https://etender.up.nic.in

RAVI RANJAN
Chief Executive Officer, PSCL, PRAYAGRAJ

पत्रांक : डी-1320/ज०सम्पर्क०अधि०/2020 दिनांक : 31.01.2020

JUBILANT LIFESCIENCES

Jubilant Life Sciences Limited
Regd. Off.: Bhartiagram, Gajraula, District Amroha - 244 223 (U.P.) | CIN : L24116UP1978PLC004624
Website: www.jubl.com | Email: investors@jubl.com | Tel: +91-5924-267200

Extract of Consolidated Unaudited Results for the Quarter and Nine months ended 31 December 2019

(₹ in Lakhs)

Particulars	Quarter Ended			Nine Months Ended		Year Ended
	31 December	30 September	31 December	31 December	31 December	31 March
	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Audited)
	2019	2019	2018	2019	2018	2019
Total revenue from operations	231521	226593	237710	676300	672524	911082
Net Profit before tax, exceptional and extraordinary items	32796	29223	37075	88922	98926	118404
Net Profit before tax (after exceptional and extraordinary items)	29332	29223	35561	85458	94379	90381
Net Profit after tax, exceptional and extraordinary items	20338	24939	26752	63775	67766	57701
Total comprehensive income after tax (comprising profit for the period after tax and other comprehensive income after tax)	25299	27320	8728	75822	65201	56323
Earnings per share of ₹ 1 each (Not annualized)						
Basic (₹)	12.77	15.66	16.74	40.04	43.24	36.86
Diluted (₹)	12.77	15.66	16.74	40.04	43.24	36.86
Equity share capital	1593	1593	1558	1593	1558	1593
Reserves (excluding revaluation reserve)						479299

1. The Company has opted to publish consolidated results for the year ending 31 March 2020. The standalone unaudited results are available under Investors section of our website at www.jubl.com and under Financial Results at Corporates section of www.nseindia.com and www.bseindia.com. Key standalone financial information of the Company is as under:

(₹ in Lakhs)

Particulars	Quarter Ended			Nine Months Ended		Year Ended
	31 December	30 September	31 December	31 December	31 December	31 March
	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Unaudited)	(Audited)
	2019	2019	2018	2019	2018	2019
Total revenue from operations	80118	75754	85958	234854	257349	343861
Profit before tax	3496	10620	5238	18848	17704	18343
Net profit after tax	3463	14307	3670	20996	14019	14763

2. The above consolidated unaudited results were, subjected to limited review by the Statutory Auditors of the Company, reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on 31 January 2020.
3. The above is an extract of the detailed format of the consolidated unaudited results for the quarter and nine months ended 31 December 2019 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format for the consolidated unaudited results for the quarter and nine months ended 31 December 2019 is available under Investors' section of our website at www.jubl.com and under Financial Results at Corporates section of www.nseindia.com and www.bseindia.com.

For **Jubilant Life Sciences Limited**

Place : Noida
Date : 31 January 2020

Hari S. Bhartia
Co-Chairman & Managing Director